## महत्वपूर्ण एवं खास

### जांच के दौरान इनोवा से निकला 4 करोड़ कैश

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी में चेकिंग के दौरान पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. चेकिंग प्वाइंट पर चेकिंग के दौरान इनोवा कार से करीब साढ़े 4 करोड़ रुपए नगद बरामद किया है. नगद के साथ पुलिस ने 2 आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है, जिससे पैसे के संबंध में पूछताछ की जा रही है. पूरा मामला आमानाका थाना क्षेत्र का है. मिली जानकारी के मुताबिक व्हाइट इनोवा 23 बीएच 8886 जे रायपुर से करीबन साढ़े चार करोड़ रुपए नगद लेकर महाराष्ट्र मुंबई के लिए रवाना हुई थी. इनोवा कार के अंदर अलग से डेक बनाकर नगद रकम को छुपाया गया था. इस रकम को हवाला का बताया जा रहा है. पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर आमानाका में चैकिंग पॉइंट बनाकर आरोपियों को धर दबोचा. जानकारी के मुताबिक कार में ड्राइवर और एक अन्य व्यक्ति सवार था. जिसने पूछताछ में बताया की पैसे के संबंध में उसे कोई जानकारी नहीं है. नागपुर के पास से उन्हें गाड़ी को बदलने के लिए कहा गया था. इस मामले आजाद चौक सब डिवीजन सीएसपी अमन झा ने बताया की बड़ी मात्रा में नगद रकम बरामद किया गया है. कार चालक और उसके सहयोगी ने रकम की कोई जानकारी नहीं दी है. फिलहाल जब्ती की कार्रवाई कर आगे जांच की जा रही है.

### रानू, सौम्या, सूर्यकांत समेत अन्य आरोपियों की जेल में मनेगी होली, 19 तक बढ़ी न्यायिक रिमांड

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में बहुचर्चित जिला खनिज निधि (ष्टरूस्न) घोटाला मामले में आरोपी रानू साहू, सौम्या चौरसिया, सूर्यकांत तिवारी, माया वारियर और मनोज द्विवेदी को रष्टक्च-श्वहृड्ड्ख की विशेष कोर्ट में पेश किया गया, जहां कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए सभी आरोपियों की न्यायिक रिमांड 19 मार्च तक बढ़ा दी है. जिसके चलते अब यह सभी आरोपी होली का त्योहार जेल में ही मनाएंगे. इस बीच सौम्या चौरसिया और रानू साहू ने जमानत याचिका दायर की है. कोर्ट इस याचिका पर 17 मार्च को सुनवाई करेगी. बता दें कि ष्टरूस्न घोटाले में रष्टक्च और श्वहृड्ड्ख द्वारा जांच की जा रही है, जिसमें करोड़ों रुपये के हेरफेर का आरोप है.

### छत्तीसगढ़ में बढ़ेगा दिन का पारा, तेज धूप के साथ गर्मी

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में तापमान में बढ़ोतरी का दौरा जारी है। प्रदेश का सर्वाधिक अधिकतम तापमान 37.5 डिग्री तक पहुंच गया है। तापमान बढऩे से ठंड हवाओं का असर खत्म हो गया है। प्रदेश के कई हिस्सों में दिन का तापमान सामान्य से अधिक रहा। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में बीते दिनों मौसम शुष्क रहा। आगामी दिनों में भी मौसम ऐसा ही बने रहने की संभावना है। आगामी तीन दिनों में तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि हो सकती है, इसके बाद कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। सोमवार को प्रदेश में सबसे अधिकतम तापमान 37.5 डिग्री राजनांदगांव में रिकॉर्ड किया गया। वहीं सबसे कम न्यूनतम तापमान 12.4 डिग्री अंबिकापुर में रहा। राजधानी रायपुर में 11 मार्च को आकाश साफ रहेगा। अधिकतम तापमान 38डिग्री और न्यूनतम तापमान 22डिग्री तक रहने की संभावना है।

# रायगढ़ में होली पर प्रशासन और पुलिस की सख्त तैयारी: शांति समिति की बैठक में सुरक्षा, स्वच्छता और शांति के लिए गए निर्देश

**रायगढ़**

होली के मद्देनजर कलेक्टर कार्तिकेय गोयल और एसपी दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशन में आज पुलिस कंट्रोल रूम में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासन और पुलिस अधिकारियों ने सर्व समाज प्रमुखों व शांति समिति के सदस्यों के साथ चर्चा की और होली को सौहार्दपूर्ण व सुरक्षित वातावरण में मनाने की अपील की।

एडिशनल एसपी आकाश मरकाम ने जानकारी दी कि होली (14 मार्च) और जुम्मे की नमाज को देखते हुए छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड द्वारा दोपहर 2:00 से 3:00 बजे जुम्मा नमाज अदा करने के निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने समाज के लोगों से इन निर्देशों का पालन करने की अपील की।

नगर निगम आयुक्त बृजेश क्षत्रिय ने बताया कि नगर निगम द्वारा शहर में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें रंग-रोगन और सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि होली मनाते समय स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें और शासकीय संपत्ति को नुकसान न पहुंचाएं।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि होली के दौरान तीन सवारी, तेज गति से वाहन चलाने और मॉडिफाइड साइलेंसर वाले वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा, फायर ब्रिगेड, पुलिस की टीमें डैम, तालाब और संवेदनशील स्थलों पर तैनात रहेंगी। किसी प्रकार का अफ़वाह ना फैलाए, सोशल मीडिया पर पुलिस की निगाह है तथा अस्पताल और सभी इमरजेंसी सेवाएं अलर्ट मोड पर रहेगी। किसी भी अप्रिय घटना की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई है। इसके लिए डायल-112 और पुलिस नियंत्रण कक्ष (94791-93299) हर समय सक्रिय रहेगा।

बैठक में एडिशनल एसपी आकाश मरकाम, नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय, नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला, एसडीएम प्रवीण तिवारी, सेनानी नगर सेना बी. कुजूर, नगर निरीक्षक सुखनंदन पटेल, मोहन भारद्वाज, त्रिनाथ त्रिपाठी, डीएसपी प्रभारी उपनिरीक्षक डी.पी. साहू सहित बिजली, स्वास्थ्य, नगर निगम विभाग के अधिकारी और शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**नागरिकों से अपील: शांति और सौहार्द के साथ मनाएं होली**

प्रशासन और पुलिस ने नागरिकों से अपील की कि होली का पर्व भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाएं। किसी भी तरह की अवैध गतिविधियों, हुड़दंग या अप्रिय घटना से बचें और प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करें, ताकि सभी के लिए यह त्योहार सुरक्षित और सुखद रहे।

## सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए पुलिस कार्यालय में विशेष कार्यशाला आयोजित



**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा-निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम के मार्गदर्शन में आज जिले के थाना प्रभारी और विवेचकगणों के लिए पुलिस कार्यालय में एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और उनकी जांच में सुधार करना था।

इस कार्यशाला में थाना प्रभारी और जांच अधिकारियों को iRAD/eDAR (इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डाटाबेस/ इलेक्ट्रॉनिक डाटा एक्सीडेंट रजिस्ट्रेशन) में सड़क दुर्घटना की प्रविष्टियों के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। यह ऐप MORTH (सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय) द्वारा विकसित किया गया है, जो सड़क दुर्घटनाओं के मामलों को रिकॉर्ड करने और उनके कारणों को कम करने के लिए एक मोबाइल और वेब आधारित समाधान प्रदान करता है।

कार्यशाला के दौरान डीएसपी, ट्रैफिक उत्तम सिंह और सभी एसएचओ एवं जांच अधिकारी उपस्थित थे। उन्हें iRAD/eDAR मोबाइल और वेब एप्लिकेशन के बारे में गहन व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण सत्र में एनआईसी रायगढ़ के जिला रोल आउट प्रबंधक दुर्गा प्रसाद प्रधान ने प्रशिक्षण प्रदान किया।

सभी अधिकारियों ने अपने मोबाइल फोन में iRAD/eDAR मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल किया और इसके उपयोग के लाभों पर भी चर्चा की। साथ ही, एसएचओ ने डीएसपी ट्रैफिक को अपने-अपने थानों में सड़क दुर्घटनाओं के वास्तविक कारणों के बारे में जानकारी दी और इस पर भी विचार किया कि इन दुर्घटनाओं को रोकने और नियंत्रित करने के लिए क्या सुधारात्मक उपाय किए जा सकते हैं।

## तमनार पुलिस ने महज 6 घंटे में की चोरी हुई कार की बरामद, आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**रायगढ़**




तमनार पुलिस ने सावित्री नगर से चोरी की गई मारुति फ्रॉन्क्स कार को रिकॉर्ड 6 घंटे के भीतर बरामद कर लिया और चोरी के मामले का खुलासा किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर 11 लाख रुपये की मूल्यवान कार और उसकी चाबी जब्त की।

जानकारी के अनुसार यह घटना 9-10 मार्च 2025 की रात की है, जब विनय कुमार सिंह (55 वर्ष), जो टाटा कंसलटेंसी कंपनी में क्वालिटी इंजीनियर के रूप में कार्यरत हैं, ने अपनी मारुति फ्रॉन्क्स कार (क्रमांक BR 02 BQ 9161) को घर के बाहर खड़ा किया था। सुबह जब वे ड्यूटी पर गए, तो अज्ञात चोर ने उनकी कार चोरी कर ली। इसके बाद उन्होंने थाना तमनार में रिपोर्ट दर्ज कराई, और पुलिस ने मामला (56/2025 धारा 303(2) बीएनएस) दर्ज कर मामले की जांच शुरू की।

घटनास्थल का निरीक्षण और सीसीटीवी फुटेज की जांच के बाद पुलिस को एक संदिग्ध की पहचान हुई, जो संदीप सिंह था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संदिग्ध को हमीरपुर बॉर्डर के पास पकड़ा, जहां वह चोरी की कार के साथ मौजूद था। पूछताछ के दौरान आरोपी ने खुलासा किया कि वह प्रार्थी के साथ उसी कंपनी में कंस्ट्रक्शन कंपनी में एचआर सेफ्टी डिपार्टमेंट में काम करता था। उसे कार की चाबी का पता था और उसने यह चोरी का षड्यंत्र रचकर मौका देखकर प्रार्थी विनय के बैग से चुराई थी।

आरोपी संदीप कुमार सिंह (21 वर्ष), निवासी दधपा, थाना देव, जिला औरंगाबाद (बिहार) वर्तमान सावित्री नगर तमनार को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। पुलिस ने आरोपी से चोरी की कार और उसकी चाबी बरामद की, जिसकी कीमत करीब 11 लाख रुपये है।

## शहर के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों से किया गया नमूना संकलन

- कलेक्टर गोयल के निर्देश पर खाद्य प्रतिष्ठानों में की जा रही सघन जांच
- जांच हेतु भेजा गया खाद्य सामग्रियों का नमूना, अमानक पाए जाने पर होगी कार्यवाही
- गुणवत्ताविहीन खाद्य सामग्रियों के शिकायत के लिए हेल्प लाईन नंबर 9340597097 पर कर सकते है शिकायत

**रायगढ़**





कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने आगामी त्यौहारों के मद्देनजर खाने-पीने के सामग्री विक्रय वाले स्थानों में स्वच्छता का पर्याप्त ध्यान रखने तथा खाद्य पदार्थों में शुद्धता और गुणवत्ता हो और किसी भी प्रकार के अमानक खाद्य पदार्थों की बिक्री न हो। इसके लिए उन्होंने खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य और नगरीय निकाय के अधिकारियों को नियमित रूप से जांच और कार्यवाही के निर्देश दिए है। इसी कड़ी में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग रायगढ़ तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं टीम द्वारा शहर के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों में सघन जॉच/निरीक्षण करते हुये नमूना संकलन की कार्यवाही की गई।

कार्यवाही के दौरान फर्म प्रसादम, बोईरदादर से खोवा पेड़ा एवं चमचम लिया गया, बालाजी, मुकुटनगर कॉम्प्लेक्स से पनीर एवं खोवा, कृष्णा दूध डेयरी, केवडा बाड़ी चौक, रायगढ़ से लूज खोया का नमूना एवं फ्रेश सेल बड़े रामपुर रायगढ़ से लूज पनीर का नमूना लिया गया। इसी तरह मामा डेयरी, कबीर चौक जूटमिल रायगढ़ से लूज खोवा का नमूना लेकर जॉच/परीक्षण हेतु भेजा गया है। निरीक्षण कार्यवाही के दौरान खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 एवं विनियम 2011 का कड़ाई से पालन किये जाने हेतु संबंधित फर्मो को निर्देशित किया गया। उक्त कार्यवाही में अंकित गुप्ता, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, सरिता पटेल, खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं शाश्वत तिवारी नमूना सहायक उपस्थित रहे।

**गुणवत्ताविहीन खाद्य सामग्री पर हेल्पलाईन नंबर में कर सकते है शिकायत-** जनसामान्य गुणवत्ताविहीन खाद्य सामग्रियों से संबंधित शिकायत दर्ज करवाने हेतु खाद्य एवं औषधि प्रशासन के विभागीय हेल्पलाईन नंबर 9340597097 में संपर्क कर सकते है। साथ ही विभागीय वेबसाईट- http://foscos.fssai.gov.in में भी शिकायत दर्ज कर सकते है।

## 15 मार्च तक मनाया जा रहा जिले में विश्व ग्लूकोमा सप्ताह

- शासकीय जिला चिकित्सालय के नेत्र वार्ड में मरीज एवं उनके परिजनों की दी गई ग्लूकोमा संबंधी जानकारी
- मेडिकल कालेज एवं शासकीय जिला चिकित्सालय में किया जाता है ग्लूकोमा का नि:शुल्क जाँच एवं उपचार

**रायगढ़**




कलेक्टर कार्तिकेया के निर्देशन एवं सीएमएचओ डॉ.अनिल जगत के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय अंधत्व एवं अल्पदृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत 'ग्लूकोमा मुक्त विश्व के लिए एक जुट होना' थीम पर रायगढ़ सहित जिले के समस्त विकासखण्ड में 15 मार्च 2025 तक जनसामान्य में जागरूकता लाने विश्व ग्लूकोमा सप्ताह मनाया जा रहा है।

इसी कड़ी में गत 10 मार्च को शासकीय जिला चिकित्सालय रायगढ़ के नेत्र वॉर्ड में मरीज एवं उनके परिजन के साथ-साथ चिकित्सालय के डॉक्टर सहित समस्त उपस्थित स्टॉफ को ग्लूकोमा संबंधित जानकारी दी गई। जिसमें रोग के कारण एवं उपचार की जानकारी वरिष्ठ नेत्र सहायक अधिकारी द्वारा बताया गया कि मनुष्य में 40 वर्ष बाद आँखों में कंचियाबिंद होने की संभावना रहती है। प्रत्येक व्यक्ति को 40 वर्ष होने पश्चात हर 6 माह में अपने आँखो का जाँच नेत्र रोग विशेषज्ञ से करवाना चाहिए।

मनुष्य के आँखो मे तरल पदार्थ एक्वस भरा होता है यह आँखो के गोले को चकना बनाये रहता है यदि तरल पदार्थ का प्रवाही तंत्र प्रभावित होने पर आँखो के अंदर का दबाव बढ़ जाता है। फलस्वरूप नेत्र के पर्दे के तंतु को छती पहुँचती है जिससे देखने मे कठिनाई होती है। इस बीमारी से नजर खराब होने के बाद उसका कही उपचार नही हो सकता इस बीमारी को काला मोतिया भी कहा जाता है। ग्लूकोमा होने के प्रमुख कारण में आँखो मे तेज दर्द का होना आँखे लाल हो जाता है दृष्टि कमजोर हो जाता है यदि इसका उपचार तुरंत कराया जाए तो बची होई नजर को बचाया जा सकता है। दूसरे प्रकार के ग्लूकोमा मे आँखो मे दर्द नही होता रात को खम्भे के बल्ब को देखने पर बल्ब के चारो ओर इंद्रधनुस की तरह सप्तरंगी दिखाई देता है। इस कंडीशन मे धीरे-धीरे नजर कम होने लगता है। नजदीक का चश्में नंबर जल्दी-जल्दी बढ़ता है या कम उम्र में ही पढऩे मे कठिनाई होती है। नजरों के चारो तरफ का दायरा कम होने लगता है। उजाले से अंधेरे में जाने पर आँखो को अंधेरे में देखने में समय बढऩे लगता है। ग्लूकोमा का उपचार दवाइयों की सेवन से किया जाता है। विषम परिस्थिति में एक छोटा सा ऑपरेशन से उपचार कर रोशनी को बचाया जा सकता है। जागरूकता कार्यक्रम मे सहायक नोडल अधिकारी अंधत्व शाखा से राजेश आचार्या ने बताया की ग्लूकोमा का उपचार जिले के मेडिकल कालेज, शासकीय जिला चिकित्सालय में नि:शुल्क जाँच एवं उपचार किया जाता है एवं समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मिलने वाले संभावित ग्लूकोमा के मरीज को नेत्र सहायक अधिकारी द्वारा प्राथमिक उपचार कर रेफर किया जाता है।

## सखी सेंटर की समझाईश पर अनावेदक आवेदिका के साथ रहने को तैयार

**रायगढ़**

जिला महिला संरक्षण अधिकारी महिला एवं बाल विकास रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि सखी सेंटर रायगढ़ में 23 सितम्बर 2024 को एक प्रकरण प्राप्त हुआ। जिसमें अनावेदक मध्यप्रदेश का निवासी है। आवेदिका के पुत्र का एक वर्ष पूर्व सड़क दुर्घटना में देहांत हो चुका है व अनावेदक (पति) द्वारा आवेदिका को बेटे के देहांत का जिम्मेदार ठहराया जाता था व शराब का सेवन कर शारीरिक, मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हुए विवाद किया जाता है। आवेदिका सखी के माध्यम से अनावेदक के साथ प्रेमपूर्वक रहने का समझाईश दिलाने में सहायता चाहती थी। 24 अक्टूबर 2024 को अनावेदक ने सखी वन स्टॉप सेंटर में उपस्थित होकर बताया कि बेटे के मृत्यु के कारण काफी दुखी है, जिस कारण कभी-कभी शराब का सेवन करते थे। वर्तमान में अनावेदक आवेदिका के साथ प्रेमपूर्वक रहना चाहता है। अनावेदक को परामर्श कार्यवाही में शराब का सेवन नहीं करने व आवेदिका के साथ विवाद न करने व प्रेमपूर्वक साथ रहने का समझाईश दी गई। दोनों पक्षों की पृथक-पृथक 3 बार संयुक्त काउंसलिंग करते हुए समझाईश दी गई व प्रकरण को निरंतर फालोअप में रखा गया। 3 जनवरी 2025 को आवेदिका द्वारा बताया कि कि सखी के परामर्श कार्यवाही उपरांत अनावेदक के व्यवहार में सुधारात्मक परिवर्तन हुआ है। शराब का सेवन भी कम कर दिया गया है। आवेदिका द्वारा सखी का आभार प्रकट करते हुए लिखित में अग्रिम कार्यवाही नहीं करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। उक्त आधार पर 3 जनवरी 2025 को प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया।

## अवैध शराब पर चक्रधरनगर पुलिस की कार्यवाही 52 लीटर शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**रायगढ़**

होली के मद्देनजर रायगढ़ जिले में अवैध शराब के खिलाफ पुलिस की सख्ती जारी है। एसपी दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत चक्रधरनगर पुलिस ने कल 11 मार्च को ग्राम जामगांव, लोईंग और महापल्ली में ताबड़तोड़ छापेमारी कर 52 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त की है। इस कार्रवाई में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिन पर 34(2), 59(क) आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

तीन स्थानों पर पुलिस का छापा, 52 लीटर शराब जब्त

थाना प्रभारी निरीक्षक प्रशांत राव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तीन अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई की:

1. ग्राम जामगांव – MSP प्लांट के पीछे ट्रक पार्किंग के पास से आरोपी संजीव चौहान (30 वर्ष) निवासी कोतरलिया, पतरापाली बरामदगी: 12 लीटर महुआ शराब (कीमत: रु.2400)
2. ग्राम लोईंग – अंबेडकर मोहल्ला में आरोपी कान्हा सतनामी (27 वर्ष) निवासी ग्राम लोईंग बरामदगी 25 लीटर कच्ची महुआ शराब (कीमत: रु.7500)
3. ग्राम महापल्ली सतनामी मैदान में आरोपी बंशी सतनामी (59 वर्ष) निवासी महापल्ली बरामदगी 15 लीटर कच्ची महुआ शराब (कीमत: रु.4500)

थाना प्रभारी प्रशांत राव के नेतृत्व में लगातार हो रही पुलिस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है। शराब रेड कार्रवाई में प्रधान आरक्षक संजय तिवारी, महेंद्र कर्ष, महिला प्रधान आरक्षक समुद्र रनकर समेत पुलिस स्टाफ ने अहम भूमिका निभाई।

चक्रधरनगर पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा, पुलिस टीम लगातार गश्त कर रही है ताकि जिले में होली का पर्व शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया जा सके।

## मेडिकल कॉलेज में ट्रॉमा एन अपडेट पर आयोजित हुआ एक दिवसीय सेमीनार सह वर्कशॉप

- विशेषज्ञ डॉक्टरों ने जांच एवं उपचार के संबंध में दी जानकारी

**रायगढ़**



स्व.श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, रायगढ़ के निश्चेतना विभाग, जनरल सर्जरी विभाग एवं अस्थिरोग विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आज ट्रामा एन अपडेट विषय पर एक दिवसीय सेमीनार सह वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष एनेस्थीसिया डॉ.ए.एम.लकड़ा, विभागाध्यक्ष सर्जरी डॉ.अनिल कुमार हरिप्रिया, विभागाध्यक्ष अस्थि रोग, डॉ प्रवीण जांगड़े, डॉ.टी.के साहू, डॉ जया साहू एवं समस्त प्राध्यापक, चिकित्सक, पीजी छात्र, स्टाफ नर्स सहित प्रतिभागी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर डॉ.ए.एम.लकड़ा ने बताया कि चिकित्सालय में जांच एवं उपचार हेतु आने वाले ट्रामा के मरीजों को बेहत्तर इलाज एवं उपचार हेतु वर्कशॉप का आयोजन किया गया है। स्व.श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति शासकीय विकित्सा महाविद्यालय सम्बद्ध संत बाबा गुरु घासीदास स्मृति शासकीय चिकित्सालय रायगढ़ में विगत एक वर्ष में जनवरी 2024 से फरवरी 2025 तक में रोड़ एक्सिडेंट के 1596, अन्य ट्रामा के 764, आसोल्ट (हमला)के 296, ट्रेन एक्सीडेंट के 12 इस तरह कुल 2668 केस मेडिकल कॉलेज के आपातकाल विभाग में आये हैं। इनमें अधिकतर केस ड्राइवर का मादक द्रव्य का सेवन कर वाहन चलाना, साथ ही वर्क लोड अधिक होने एवं समय में आराम नहीं करने के कारण, दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग नहीं करना, वाहन चालक के गति अत्यधिक होने के कारण, वाहन के पहियों का बनावट, गति तथा रोड़ की डिजाइनिंग एवं रख-रखाव कुछ ऐसे कारण है जो जान लेवा सिद्ध हो रहे है।

**डॉक्टरों ने जांच एवं उपचार के संबंध में दी जानकारी-** डॉ.ए.एम.लकड़ा ने आघात (ट्रॉमा) में प्राथमिक उपचार एवं स्थिरीकरण विषय पर विस्तृत चर्चा की तथा चिकित्सक, छात्र, स्टाफ नर्स के सवालों का जवाब दिया। इस दौरान वक्ता डॉ प्रवीण जांगड़े द्वारा ट्रॉमा (आघात) में हड्डी फ्रैक्चर का प्रबंधन (प्राथमिक उपचार) विषय में जानकारी दी। वक्ता डॉ आशुतोष शर्मा ने छाती में चोट लगने के कारण मरीज की स्थिति गम्भीर होने एवं उसे जल्द निदान कर उसकी जान कैसे बचाया जा सकता है जैसे गंभीर विषय में अपनी प्रस्तुति दी। डॉ दिनेश पटेल ने ट्रॉमा आघात में चेहरे, गले की चोट का प्रबंधन, प्राथमिक उपचार में अपनी बात रखी और बताया कि आजकल चेहरे, जबड़े की प्लास्टिक सर्जरी संभव हो गई है जिससे चेहरा पहले की तरह बनाया जा सकता है। यह हमारे मेडिकल कॉलेज में संभव हैं। इस दौरान सभी उपस्थित चिकित्सक शिक्षक, चिकित्सक, पीजी छात्र, स्टाफ नर्स सहित सभी प्रतिभागियों के सवाल का जवाब दिया तथा चिकित्सक ट्रामा संबंधित विषय में एक-दूसरे से अपने अनुभव साझा किये।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480